# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रा०),
## सिद्धार्थनगर

Mob No-9473942704 Email ID- upjnrsiddharthnagar@upjn.co.in


पत्रांक 1531 / डब्लू–18 / 526 दिनांक 21.08.2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः– **दिनांक 20.08.2026 को अमर अजाला में प्रकाशित नकारात्मक खबर के सम्बन्ध मे।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 20.08.2026 को समाचार पत्र अमर अजाला में प्रकाशित खबर **"18.56 करोड़ अर्थदंड के बाद भी पेयजल परियोजना को नहीं मिली रफ्तार** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड– जोगिया के सेहुड़ा पाइप पेयजल योजना एवं विकास खण्ड–मिठवल के गोहर पाइप पेयजल योजना का कार्य जल जीवन मिशन (फेज–5) कार्यक्रम अन्तर्गत मेसर्स जैक्सन–विश्वराज (जे0वी0) द्वारा सम्पादित किया जा रहा है।

**सेहुडा पाइप पेयजल योजना–** उक्त पेयजल योजना में नलकूप 100 प्रतिशत, बाउन्ड्रीवाल 90 प्रतिशत, सोलर 100 प्रतिशत, शिरोपरि जलाशय 100 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 90 प्रतिशत, एवं गृह संयोजन 388 नग के सापेक्ष 70 नग का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। दिनांक 21.08.2026 को खण्ड के सहायक अभियन्ता श्री विपिन सिंह, जूनियर इंजीनियर श्री श्रेयांश सिंह एवं फर्म के इंजीनियर श्री प्रमोद कुमार की उपस्थिति में योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित फर्म के इंजीनियर श्री प्रमोद कुमार द्वारा यह अवगत कराया है कि उक्त पेयजल योजना पर विगत 18 माह से भुगतान लम्बित होने के कारण योजना का कार्य प्रभावित हुआ है, उक्त पेयजल योजना का कार्य 20 दिवस के अन्दर कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

**गोहर पाइप पेयजल योजना–** उक्त पेयजल योजना में नलकूप 100 प्रतिशत, बाउन्ड्रीवाल 90 प्रतिशत, सोलर 100 प्रतिशत, शिरोपरि जलाशय 100 प्रतिशत, पम्प हाउस 90 प्रतिशत, बाउन्ड्रीवाल 90 प्रतिशत, शिरोपरि जलाशय 40 प्रतिशत, वितरण प्रणाली 65 प्रतिशत, सोलर 100 प्रतिशत एवं गृह संयोजन 559 नग के सापेक्ष 110 नग का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। दिनांक 21.08.2026 को खण्ड के जूनियर इंजीनियर श्री ज्योतिष चौधरी एवं फर्म के इंजीनियर श्री सुमित कुमार एवं श्री विकास भारती की उपस्थिति में योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। मौके पर उपस्थित फर्म के इंजीनियर श्री विकास भारती द्वारा यह अवगत कराया है कि उक्त पेयजल योजना पर विगत 18 माह से भुगतान लम्बित होने के कारण योजना का कार्य प्रभावित हुआ है, उक्त पेयजल योजना का कार्य 25 दिवस के अन्दर कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा।

फर्मो द्वारा योजनाओं का कार्य ससमय पूर्ण न करने कारण पूर्व में ही फर्मो के ऊपर 7 प्रतिशत पेनाल्टी भी लगाई जा चुकी है। योजनाओं के कार्यो को पूर्ण कराने हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा साप्ताहिक समीक्षा भी की जाती है। कार्यो की प्रगति के समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष भी व्यक्त करते हुये योजना के कार्यो को शीघ्र ही पूर्ण कराने हेतु कड़े निर्देश भी दिये जा रहे है।

यद्यपि एन0जे0जे0एम0 द्वारा प्रदेय समयावधि के अनुसार योजना को पूर्ण कराये जाने का लक्ष्य मार्च–2028 तक निर्धारित है परन्तु फर्म को उक्त पेयजल योजना के अवशेष कार्यो को मई–2027 तक पूर्ण कराने हेतु अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित कर दिया गया है।

संलग्नकः– फोटोग्राफ।

भवदीय

(संजय कुमार जायसवाल)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः–

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
3– जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
4– चीफ ब्यूरों, अमर उजाला, सिद्धार्थनगर।
5– श्री अमर बहादुर, सहायक अभियन्ता/श्री विपिन सिंह, सहायक अभियन्ता।
6– श्री ज्योतिष चौधरी, जू0इं0।/ श्री श्रेयांश सिंह, जू0इं0।
7– मेसर्स जैक्सन–विश्वराज (जे0वी0) सिद्धार्थनगर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner










Scanned with CamScanner